आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.05.2025 समय : 07.10Pm

## मुख्य समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती-किसानी है देश की अर्थव्यवस्था की नींव ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा के बोरगांव और मंडला के मनेरी में फूड पार्क स्थापित करने का किया ऐलान ।
- प्रदेश में संविदा कर्मचारियों की तबादला नीति लागू, पांच साल में केवल एक बार होगा तबादला ।
- प्रदेश में नौतपा में भी जारी है आंधी बारिश का दौर, कई इलाकों में तापमान 10 डिग्री तक गिरा ।

**कृषि उद्योग समागम-**2025

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं, इससे कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। उप राष्ट्रपति आज नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता गांव और किसान के खेत से निकलता है। इसलिए किसान केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहें। उन्हें खाद्य प्र-संस्करण, व्यापार और मार्केटिंग भी सीखनी चाहिए।

वहीँ, राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रदेश में कृषि मेलों और कृषि उद्योग समागमों के जरिए किसानों को भरपूर लाभ दिया जा रहा है।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सम्पन्न बनाने के लिए सरकार ने किसान मेले शुरू किए हैं इसमें अन्नदाताओं को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि फूड प्रोसेसिंग में प्रगति के लिए नरसिंहपुर में 102 हेक्टेयर में कृषि आधारित उद्योगों का फूड पार्क बनाया जा रहा है। छिंदवाड़ा के बोरगांव और मंडला के मनेरी में 40 इकाइयों वाला फूड पार्क स्थापित होगा।

कृषि उद्योग समागम के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों द्वारा नरसिंहपुर जिले में 116 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से 86 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया गया।

**शिवराज पदयात्रा**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में पदयात्रा कर रहे हैं ।इस अवसर पर लाड़कुई में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मतलब ऐसा भारत जहां, सड़क-बिजली-पानी का जाल बिछा हो। जहां खेती उन्नत होती हो, मां-बहन-बेटियों का सम्मान हो। लोग जिंदगी आराम से बिताएं। उन्होंने कहा कि ये विकसित भारत मोदी जी का संकल्प है और ये काम अकेले मंत्री, मुख्यमंत्री विधायक-सांसद नहीं कर सकते। हम सभी को अपना योगदान देना होगा।

**समिति गठित**

राज्य सरकार ने राज्य की समस्त त्रिस्तरीय पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टीविटी की उपलब्धता एवं अमेंडेड भारत नेट अभियान के बेहतर क्रियान्वयन तथा निरंतर समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अमेंडेड भारत नेट समिति का गठन किया है। समिति द्वारा प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार अमेंडेड भारत नेट की बैठक और त्रिस्तरीय पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टीविटी की समीक्षा की जायेगी। सरकार ने राज्य में 8वीं आर्थिक गणना के सुचारू रूप से संचालन की तैयारियो, प्रगति की निगरानी तथा समस्याओं के समाधान के लिए भी राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है।

**संविदा तबादले**

प्रदेश सरकार ने लंबे समय से प्रतीक्षित संविदा कर्मचारियों की तबादला नीति को आखिरकार लागू कर दिया है। नई नीति के तहत अब संविदा कर्मियों का स्थानांतरण पांच साल में केवल एक बार किया जा सकेगा। साथ ही, कुल संविदा कर्मियों में से सिर्फ 10 प्रतिशत कर्मचारी ही इस तबादले की प्रक्रिया के दायरे में आएंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविदा कर्मचारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल में कोई संशोधन सामान्य रूप से नहीं किया जाएगा, और स्थानांतरण केवल अपवाद स्वरूप विशेष परिस्थितियों में ही संभव होगा।

**मोटापा प्रधानमंत्री**

मोटापा इन दिनों देश ही नहीं दुनिया भर के लिए चुनौती बन रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम से लेकर विभिन्न सभाओं में जोर देकर कहा है कि हमारी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां आज हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा बन रही हैं। मोटापा उनमें से एक है, क्योंकि यह कई बीमारियों का मूल कारण है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डा प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मोटापा प्रदेश में भी चिंता का विषय है.

मौसम

प्रदेश में नौतपा में गर्मी की बजाय आंधी बारिश का दौर चल रहा है। प्रदेश के कई शहरों में बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। आज भी इंदौर, जबलपुर समेत 44 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस बार दिन का तापमान 10 डिग्री कम है। इससे पहले कल कई शहरों में पानी गिरा। इससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत पूरे प्रदेश में दिन के पारे में गिरावट रही। भोपाल में अधिकतम 34 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 33 दशमलव 8 डिग्री, ग्वालियर में 38 दशमलव 5 डिग्री और जबलपुर में 34 दशमलव 5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में शाम साढे 7 बजे पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियन्स से होगा। दोनों टीमें पहले ही प्ले ऑफ में पहुंच चुकी हैं। लेकिन इनकी नजर यह मैच जीत कर शीर्ष दो में रहकर पहले क्वालीफायर में जगह बनाने पर होगी। ताकि उन्हें फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलें।

**समाचार संक्षेप में** .....

- केंद्र सरकार की न्याय श्रुति योजना के तहत प्रदेश के 2000 थानों में अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाए जा रहे है। इससे गवाहों को कोर्ट तक बार-बार बुलाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। वे अपने नजदीकी थाने से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए कोर्ट में बयान दर्ज करवा सकेंगे।
- जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सुधार कार्य के दौरान कल 27 मई से 30 मई तक इटारसी- कटनी-इटारसी मेमू ट्रेन को निरस्त किया गया है।
- छिन्दवाड़ा में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड तामिया के ग्राम अलीवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया ।
- देवास में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं वर्तमान सैनिकों का साफा बांधकर सम्मान किया गया ।
- सतना में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन आज चित्रकूट धाम के समेकित विकास की परियोजना के प्रगतिरत और प्रस्तावित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।
- बैतूल जिले की भैंसदेही तहसील मुख्यालय में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा नगर मंडल द्वारा ल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जल संरक्षण के लिए रूफटॉप वॉटर हार्वेस्टिंग का उपयोग अधिक से अधिक करने की अपील की है ।

- जबलपुर में आज सोमवती अमावस्या के अवसर पर नर्मदा तट के गौरी घाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट, सरस्वती घाट और अन्य घाटों पर स्नान और पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।
- आगरमालवा पुलिस ने दो युवकों को पकड़कर उनके कब्जे से दो मोटर सायकलें बरामद की गईं । वही उनकी निशानदेही पर कुल 18 मोटर सायकलें जप्त की गईं हैं ।

-----------------------------------